# स्वस्थ जीवन के लिए योग ज़रूरी : मुर्मु

- गोरखपुर में आयुष विवि का किया उद्घाटन
- पुरानी चिकित्सा पद्धतियों का सम्मान

## राष्ट्रपति ने योग-आयुर्वेद की विरासत बताई

**गोरखपुर,1 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे.पिपरी, भठहट में 268 करोड़ की लागत से निर्मित यह विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और खाद्य सुरक्षा मंत्री दयाशंकर मिश्रा 'दयाल' और स्थानीय सांसद रवि किशन शुक्ल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उद्घाटित हुआ.**

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत योगियों-ऋषियों की भूमि है. योगी 200, 300, 400 साल जीते थे. यह शरीर पंच तत्व से तैयार हुआ है. उन्होने कहा कि आज हमारे पास संसाधन व सुविधाएं हैं. सुविधाओं को शरीर के लिए प्रयोग करें,

जिससे हम स्वस्थ रहेंगे. खेती, जंगलों, हार्डवर्क करने वालों के उत्तम स्वास्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि ऑफिस में कार्य करने और कम फिजिकल करने वालों के लिए योग अत्यंत आवश्यक है.उन्होने कहा कि हम भारत के पूर्वजों और ऋषि-मुनियों के ऋणी हैं, हमें उनका मान रखना है. आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है. राष्ट्रवासियों ने स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित हो, इसके लिए हमें भी आज से ही प्रयास करना होगा. शैक्षणिक, चिकित्सा समेत यह संस्था भी इसका माध्यम बनेगी.



मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि भारत के पुरातन प्रणालियों में स्वस्थ रहने की वैज्ञानिक पद्धति बताई गई है. 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती है कि इन पर आधारित पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी. हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा. आयुर्वेद पर आधारित प्राचीन जीवनशैली में दिनचर्या, ऋतचर्या, रात्रिचर्या पर बहुत ध्यान दिया जाना चाहिए. संतुलित आहार, विहार व विचार को महत्व देना चाहिए. आयुर्वेद धरती से जुड़ी है. खेतों व जंगलों में औषधियों, वनस्पतियों व जड़ी-बूटियों का खजाना आज भी मौजूद है. अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती.राष्ट्रपति ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की सर्वसमावेशी व उपयोगी दृष्टि के आधार पर हमने विदेश में उत्पन्न हुई चिकित्सा पद्धतियों को भी आयुष पद्धतियों में शामिल किया है.

आज यूनान तथा मध्य एशिया के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति का उतना उपयोग नहीं होता, जितना उपयोग भारत में होता है.

जर्मनी में विकसित हुई होम्योपैथिक चिकित्सा को हमारे देश ने पूरी तरह अपना लिया है. 2014 में केंद्र व 2017 से यूपी सरकार ने आयुष विभागों की स्थापना करके देश-विदेश की इन सभी उपयोगी पद्धतियों को नई ऊर्जा के साथ प्रोत्साहित किया है.उन्होने कहा कि इस विवि का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है. आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग व सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है. राष्ट्रपति ने भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की भी चर्चा की.

> विद्वानों की मान्यता है कि नाथ परंपरा के योगियों ने चिकित्सा के लिए खनिजों व धातुओं पर आधारित भस्म के प्रभावी व सुरक्षित प्रयोग किए थे. हठयोग की प्रतिष्ठा करके महायोगी गोरखनाथ ने राष्ट्र का समग्र पुनर्जागरण किया है. उसका प्रभाव अद्वितीय है. योग के क्षेत्र में गुरु गोरक्षनाथ की महानता को समझाने के लिए गोस्वामी तुलसीदास ने कहा था- गोरख जगायो जोग यानी गुरु गोरखनाथ ने योग की परंपरा को फिर से जगाया था. उन्होंने जनसाधारण में भी हठयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार किया था.

## ओडिशा में अफसर को दफ्तर में घुसकर कर पीटा

**भुवनेश्वर,** भुवनेश्वर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रत्नाकर साहू को कुछ लोगों ने उनके कार्यालय में लात-घूसों से जमकर पिटाई की. पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीना ने बताया कि अधिकारी ने खारवेलनगर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है.

अब तक जीवन राउत, रश्मि महापात्रा और देबाशीष प्रधान को गिरफ्तार किया है. इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है. ओडिशा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पर हमले के विरोध में बीजद समर्थकों ने मुख्य मुख्य मार्ग जनपथ को जाम कर दिया. साथ ही ओएएस एसोसिएशन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद एसोसिएशन ने सामूहिक छुट्टी पर जाने का फैसला टाल दिया है.



## चव्हाण बने भाजपा अध्यक्ष

- गडकरी-फडणवीस की मौजूदगी में पदभार संभाला
- कोंकण में भाजपा को किया मजबूत

**मुंबई, 01 जुलाई . भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र के नये प्रदेशाध्यक्ष चुने गए और वह मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में अपना पदभार ग्रहण करेंगे.**

चव्हाण निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का स्थान लेंगे.केंद्रीय भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को भेजा था. यह प्रक्रिया पार्टी के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय में पूरी हुई.चव्हाण ने कोंकण क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने पार्टी के प्रदेश महासचिव और कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया है.चव्हाण डोंबिवली निर्वाचन क्षेत्र से चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं. वह इससे पहले देवेंद्र फडणवीस की पहली कैबिनेट में राज्य मंत्री और एकनाथ शिंदे सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं.वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता रहे थे.

# गुजरात दौरे पर जाएंगे अरविंद केजरीवाल

- गुजरात-पंजाब उपचुनाव जीत से मिला संबल
- आप ने जीती दो विधानसभा सीटें

**नई दिल्ली,1 जुलाई.गुजरात और पंजाब में संपन्न विधानसभा उपचुनाव में सकारात्मक चुनाव परिणाम आने के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुजरात के दौरे पर जाएंगे. मंगलवार शाम केजरीवाल दिल्ली से अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे और दो और तीन जुलाई को गुजरात दौरे पर रहेंगे.**

बुधवार यानि कल अरविंद केजरीवाल गुजरात जोड़ो सदस्यता अभियान की अहमदाबाद से शुरुआत करेंगे. अरविंद केजरीवाल का विसावदर सीट पर आप प्रत्याशी गोपाल इटालिया की जीत के बाद यह गुजरात दौरा है. गुजरात जोड़ो सदस्यता अभियान की अहमदाबाद से शुरुआत होगी उसके बाद पूरे गुजरात में यह अभियान शुरुआत होगा.

> पंजाब और गुजरात मे संपन्न हुए उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की बंपर जीत का जश्न आम आदमी पार्टी ने 25 जून को दिल्ली स्थित पंजाब मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस में जीत का जश्न मनाया था. इस जश्न में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत दिल्ली, पंजाब और गुजरात से अन्य सभी बड़े नेता शामिल हुए थे. उपचुनाव जीतने वाले लुधियाना पश्चिम सीट से विधायक निर्वाचित संजीव अरोड़ा और गुजरात के विसादवर सीट से विधायक निर्वाचित गोपाल इटालिया भी शामिल हुए थे. इन दोनों राज्यों में उपचुनाव में मिली जीत को लेकर पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पहले ही कह चुके हैं .



## एयर मार्शल शिवकुमार ने एओए का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली.** एयर मार्शल एस शिवकुमार वीएसएम ने 01 जुलाई 2025 को वायु सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में एयर ऑफिसर-इन-चार्ज प्रशासन का पदभार ग्रहण कर लिया है. एयर मार्शल एस शिवकुमार को जून 1990 में भारतीय वायु सेना की प्रशासन शाखा में नियुक्त किया गया था. उन्होंने पांडिचेरी विश्वविद्यालय से मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए और उस्मानिया विश्वविद्यालय से रक्षा और सामरिक अध्ययन में एमफिल की उपाधि प्राप्त की है. एयर मार्शल एस शिवकुमार वर्तमान पद संभालने से पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (प्रशासन) के रूप में कार्यरत थे.

# अरब सागर में नौसेना का रेस्क्यू ऑपरेशन

- भीषण अग्निकांड में 14 भारतीयों को बचाया गया
- टैंकर पर लगी आग, आईएनएस ने निभाई भूमिका

**अरब सागर, 01 जुलाई. भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है. यह आग उत्तरी अरब सागर में पलाउ-ध्वजवाहक टैंकर एमटी यी चेंग 6 पर लगी थी. इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया.**



नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री टैंकर पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ. जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी.यह घटना फुजैरा, संयुक्त अरब अमीरात के पूर्व में लगभग 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हुई. भारतीय नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की.

## भारत, पाकिस्तान ने कैदियों की सूची का किया आदान प्रदान

**नयी दिल्ली.** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा पाक ने अपने-अपने देशों में हिरासत में रखे गये आम नागरिकों तथा मछुआरों की रिहाई के वास्ते सूची का आदान प्रदान किया है. भारत पाक के बीच 2008 में हुए एक समझौते के तहत हर साल जनवरी और जुलाई में ऐसे कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में रखे गये 382 पाकिस्तानी कैदियों और 81 मछुआरों के नाम पाकिसतान को दिए हैं. जबकि पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में रखे 53 भारतीयों और 193 मछुआरों के नामों की सूची भारत को सौंपी है.

## एक नजर में



### रेल सेवा के मूल किराये में वृद्धि लागू

**नई दिल्ली ,1 जुलाई.** रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में बदलाव लागू किया है. गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है. इनका किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणी में 2 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है. द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी .मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में भी बढ़ोतरी नहीं की गई है .आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य शुल्कों में भी बदलाव नहीं होगा. किराये में बदलाव राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदेभारत और तेजस जैसी विशेष रेल सेवाओं पर भी लागू होगा.

### रूस का 15 यूरोपीय मीडिया पर प्रतिबंध

**मास्को.** रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने कई रूसी मीडिया आउटलेट्स के खिलाफ यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के जवाब में देश में संचालित 15 यूरोपीय मीडिया आउटलेट्स पर पारस्परिक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि देश के मीडिया आउटलेट के खिलाफ यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के जवाब यह पारस्परिक प्रतिबंध लगाया गया है. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस साल फरवरी में तथाकथित 16वें प्रतिबंध पैकेज के हिस्से के रूप में यूरोपीय संघ परिषद द्वारा अनुमोदित आठ रूसी प्रकाशनों और सूचना चैनलों पर यूरोपीय संघ के नवीनतम प्रतिबंधों के जवाब में रूस ने अपने क्षेत्र में गलत सूचना फैलाने में शामिल 15 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के मीडिया आउटलेट के वेब संसाधनों पर जवाबी प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. मंत्रालय ने कहा, यदि रूसी मीडिया आउटलेट और सूचना चैनलों पर लगाए गए ये प्रतिबंध हटा दिए जाते हैं तो रूस भी यूरोपीय मीडिया आउटलेट के संबंध में अपना निर्णय बदलने पर फैसला करेगा.

### पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद.** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान घायल गोकाशी के आरोपी को उसके साथी समेत गिरफ्तार कर लिया .अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि अपराधियों की धर पकड़ के शुरू विशेष अभियान में शमशाबाद पुलिस ने सोमवार और मंगलवार की रात रोशनाबाद मार्ग पर संदिग्धवस्था में एक मोटरसाइकिल पर सवारों को रोकने का प्रयास किया जिसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की. उन्होने बताया कि जवाबी कार्रवाई में गोकशी में वांछित शकील पैर में गोली लगने से घायल हुआ जबकि उसका दूसरा साथी रियाजुद्दीन फरार हो गया हालांकि बाद में पुलिस ने काबिंग के दौरान धर दबोचा. मुठभेड़ में घायल गोकशी आरोपी बदमाश को चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने पकड़े गए दोनों बदमाशों के पास से एक मोटरसाइकिल, दो तमंचे तथा कुछ कारतूस बरामद किए.

### बिहार में कलाकारों को मिली सौगात

**पटना.** बिहार में मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना को आज कैबिनेट से स्वीकृत मिल गई है. यह फैसला आज यानी मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया. राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाले पारंपरिक, शास्त्रीय, चाक्षुष एवं प्रदर्श कलाओं से जुड़े कलाकारों को 3000 रूपया मासिक पेंशन दिया जाएगा. इसके लिए विभाग चयन प्रक्रिया शुरू करेगी तथा जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जिला समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी, जिसके उपरांत इसे स्टेट लेवल विभागीय समिति को भेजा जाएगा.

# फीस के अभाव में नहीं रुकेगी पढ़ाई

**गोरखपुर, 1 जुलाई . गोरखपुर जिले में कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया.**

फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई.मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी. वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे. यही नहीं,



योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की.गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे. समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे. मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी.

> मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी ने कहा महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए. मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी. पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है.

## आज का इतिहास

1306 : अलाउद्दीन ख़िलिजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया.

1698 : थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया.

1757 : प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या.

1861 : कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ.

1941 : नाजी नरसहांर हुआ, लेम्बर्ग में करीब 7000 लोग मारे गए.

1949 : वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली.

# रेल किराये में बढ़ोत्तरी अनुचित : मायावती

**लखनऊ, 1 जुलाई. रेल किराये में बढ़ोत्तरी का विरोध करते हुये बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि गरीबी,महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहे करोड़ों लोगों के लिए रेल का सफर कोई फैशन या पर्यटन नहीं है, बल्कि आम ज़रूरत व मजबूरी है.**

सरकार को आम जनता के हितों को ध्यान में रख कर अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करने की जरुरत है. मायावती ने यहां जारी बयान में कहा कि देश के अधिकतर लोग महंगाई, ग़रीबी, बेरोज़गारी व कमाई घटने से पीड़ित है, ऐसे में केन्द्र सरकार द्वारा रेल का किराया बढाना कुल मिलाकर आम जनहित के विरुद्ध है. जीएसटी की तरह रेलवे के जरिये से दैनिक जीवन पर बोझ बढ़ाकर उनका शोषण बढ़ाने की यह परम्परा घोर अनुचित है जिस



पर सरकार तुरन्त पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा. उन्होने कहा कि परिवार को पालने के लिए अपना घर बार छोड़कर पलायन करने की मजबूरी में करोड़ों लोगों दूसरे शहरो का रुख करते हैं. उनके लिए रेल का सफर कोई फैशन, आनन्द व पर्यटन नहीं है, बल्कि रेल का अति-कष्टदायी सफर यह आम ज़रूरत व मजबूरी है. सरकार को इनके प्रति व्यापारिक नहीं बल्कि सहानुभूति का कल्याणकारी बर्ताव ज़रूर करना चाहिए, ऐसी सभी की इनसे हमेशा अपेक्षा रहती है.

### सरकार को केवल अपने फायदे व मुट्ठी भर अमीरों की चिंता

सरकार को केवल अपने फायदे व मुट्ठी भर अमीर व सम्पन्न लोगों की चिन्ता करने की बजाय, देश के उन करोड़ों लोगों की समुचित चिन्ता करनी चाहिए जो रोज़गार के अभाव में आत्म-सम्मान का जीवन जीने को तरस रहे हैं तथा परिवार का कम से कम एक वक्त पेट भरकर किसी प्रकार गुजर-बसर करने के लिए सरकार की योजनाओं का थोड़ा सा लाभ लेने को मजबूर हो रहे हैं. उन्होने कहा कि देश की आबादी में से लगभग 95 करोड़ लोग सरकार की कम से कम किसी एक सामाजिक कल्याण योजना का लाभार्थी बनने को मजबूर हुए हैं .

# मस्क ने नई पार्टी बनाने का आह्वान किया

**वाशिंगटन 01 जुलाई ( वार्ता ) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है.**

मस्क ने बताया कि पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा.मस्क सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को



रिकॉर्ड पाँच ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डालर) तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है.अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रमुख व्यय बिल - वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना ऐसे समय में हुई है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है.मिडिया के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया कि उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं. उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लग सकता है.

> मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के पागलपन खर्च की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है. मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, जो कोई भी खर्च कम करने के वादे पर अभियान चलाता है, लेकिन इतिहास में सबसे बड़ी ऋण सीमा वृद्धि पर वोट करना जारी रखता है, उसका चेहरा अगले साल प्राथमिक चुनाव में इस पोस्टर पर दिखाई देगा.

**उम्मीद** | अमेरिका संग व्यापार समझौता जल्द संभव, चीन से अच्छे रिश्ते पर ज़ोर

# भारत शांति, व्यापार और सुरक्षा का प्रहरी जयशंकर

**नईदिल्ली, 01 जुलाई. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत को एक सभ्यतागत राष्ट्र, बहुलतावादी लोकतंत्र, प्रतिभा का स्त्रोत, कूटनीतिक सेतु और वैश्विक दक्षिण की आवाज बताया है. उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करने में सफल होगा.**

अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर जयशंकर ने कहा, हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं, मुझे उम्मीद है कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएंगे .विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाड़ के साथ एक खास बातचीत में भारत की भूमिका और स्थिति पर अपने विचार साझा किए. अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर जयशंकर ने कहा, हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं. मुझे उम्मीद है कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएंगे. मैं गारंटी नहीं दे सकता, क्योंकि उस चर्चा में एक और पक्ष है. मुझे विश्वास है कि यह संभव है और मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिनों तक इस क्षेत्र पर नजर रखनी होगी. उन्होंने कहा कि ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं. जयशंकर ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले क्वाड देशों के बीच संबंधों के महत्व को भी रेखांकित किया.



> जयशंकर ने कहा कि हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा तालमेल है. साथ ही, हम चीन के सबसे बड़े पड़ोसी हैं. साक्षात्कार में पाकिस्तान से बातचीत के प्रस्ताव को लेकर भी सवाल किया गया. जिसे विदेश मंत्री ने सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, हम अब ऐसी नीति अपना रहे हैं जिसमें आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा. हम यह नहीं मानते कि आतंकी केवल प्रॉक्सी हैं और राज्य का कोई दोष नहीं है. पाकिस्तान इस मामले में पूरी तरह शामिल है. भारत आतंकियों पर हमला करेगा और अपने लोगों की रक्षा करेगा.

## 100 से अधिक विधायक शिवकुमार के समर्थन में

**बेंगलुरु.** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर विधायकों की लाबिंग के बीच पार्टी के वरिष्ठ विधायक एचए इकबाल हुसैन ने मंगलवार को दावा किया कि 100 से अधिक विधायक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के पीछे लामबंद हो रहे हैं.हुसैन ने मंगलवार यहां संवाददाताओं से कहा, मैं अकेला नहीं हूं. करीब 100 विधायकों ने बदलाव की इच्छा जतायी है. प्रदेश की राजनीति के गलियारों में विधायकों के इस कवायद को कांग्रेस आलाकमान के लिए प्रत्यक्ष संदेश माना जा रहा है.